न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :– श्री राम लाल मीणा आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या – 150/2025

उनवान

1.गोरधनराम पुत्र राणाराम जाति भील बनाम 1. तहसीलदार रामसर।
निवासी भीलों का पार तहसील रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 130,131, 136 राज0भू0राज0 अधिनियम

आदेश

दिनांक 17.12.2025

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी गोरधनराम पुत्र राणाराम जाति भील निवासी भीलों का पार तहसील रामसर द्वारा दिनांक 02.05.2025 को प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,132,136 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 सपठित नियम 58,59,60,66,86 राजस्थान भू. अभिलेख नियम 1957 प्रस्तुत किया। प्रस्तुत प्रकरण को दर्ज किया जाकर तहसीलदार रामसर से रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार रामसर के पत्रांक राजस्व/कदीमी रास्ता/2025/2861 दिनांक 04.12.2025 द्वारा निम्नानुसार रिपोर्ट प्राप्त हुई है मौजा कंटलिया का पार पटवार मण्डल गागरिया के खातेदारी खसरा नंबर क्रमशः 181/113, 182/113, किस्म बा.दो. एंव बा.सो. में एक (बारहमासी रास्ता) चल रहा है परन्तु राजस्व अभिलेख एंव राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते का कही भी अंकन नही है। उक्त रास्तें का राजस्व रेकर्ड में अंकन संलग्न दर्शाये अनुसार ए एंव बी के अनुसार राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमांक प.3(2)राज– 6/2003/परि/04 जयपुर दिनांक 10.08.2016 के परिप्रेक्ष्य में निम्नानुसार प्रस्तावित किया गया है।

क.स.	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	कुल रकबा हेक्टेयर	किस्म	रास्ते में प्रभावित भूमि रकबा हेक्टेयर में	रास्ता अंकन के बाद शेष खसरें का रकबा हेक्टेयर में
1.	कंटलिया का पार	181/113	10.3599	बा.दो.	0.0861	10.2738
		182/113	7.7700	बा.सो.	0.0216	7.7484
2.	योग :–	02	18.1299		0.1077	18.0222

तहसीलदार रामसर द्वारा प्रस्तावित मौकें पर स्थाई रूप से चल रहे कदीमी/ बारहमासी रास्ता जो हर मौसम /सीजन के अनुसार बदलता नही है एंव वर्ष भर आमजन के आवागमन हेतु रास्ता उपलब्ध रहता है तथा वर्तमान में चालू हैं तथा प्रस्तावित भूमि वर्तमान में रास्ते में उपयोग में ली जा रही है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली का अवलोकन एवं तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा कंटलिया का पार पटवार मण्डल गागरिया के खसरा नंबर क्रमशः 181/113, 182/113, किस्म बा.दो. एंव बा.सो. उपरोक्तानुसार प्रस्ताव संलग्न नक्शे में ए से बी तक निजि खातेदारी भूमि में से चालू स्थाई रास्ता संबधित खातेदार की खातेदारी में रखते हुये नक्शे व जमाबंदी में पृथक से खसरा नम्बर दिया जाकर संलग्न नक्शे में A से B तक रास्ते के रकबे सहित किस्म गेर मुमकिन रास्ता दर्ज करनें के आदेश दिये जाते है।

उक्त आदेश आज दिनांक 17.12.2025 को सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो एवं नम्बर से कम हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Lal Meena
Date: 2026.01.16 17:05:54 IST
Reason: SelfAttested

(राम लाल मीणा)
उपखण्ड अधिकारी रामसर
उपखण्ड अधिकारी, रामसर

Scanned with OKEN Scanner

नक्शा

ग्राम - केटालिया का पार

ख.सं. - 181/113
182/113



संकेत

कदीमी मार्ग
(बिन्दु A से B तक
बारहमासी)
(0.1077 हेक्टेयर)

प. गागरिया

ग्रा.अ. गागरिया

C.S.

17/12/2025

उपखण्ड अधिकारी रामसर जिला-बाड़मेर

उपखण्ड अधिकारी, रामसर

तहसीलदार, रामसर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Lal Meena
Date: 2026.01.16 17:05:54 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner